एक नजर में

महापौर पहुंचे हैदराबाद प्लांट का अवलोकन

उज्जैन। महापौर मुकेश टटवाल ने दो दिवसीय हैदराबाद प्रवास के दौरान हैदराबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत किए जा रहे वेस्ट टू रिसाइकल एवं गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन प्लांट का निरीक्षण किया गया। साथ ही सूखे कचरे से उत्पन्न 124 मेगावाट बिजली बनाने के प्लाट का भी निरीक्षण किया गया। हैदराबाद शहर जिसकी जनसंख्या लगभग 01 करोड़ 20 लाख है वहां के नगर निगम द्वारा कचरा कलेक्शन और कचरे के प्रबंधन की प्रक्रिया का महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अवलोकन करते हुए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम मुख्यालय का अवलोकन एवं हैदराबाद के महापौर विजया लक्ष्मी गढ़वाल से सौजन्य भेंट करते हुए हैदराबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। साथ ही महापौर मुकेश टटवाल द्वारा भी उज्जैन नगर निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत फूलों से बनाए जा रहे अगरबत्ती, धूपबत्ती, हर्बल गुलाल एवं कचरे से बनाई जा रही खाद प्रक्रिया की जानकारी दी गई। हैदराबाद नगर निगम द्वारा कचरा कलेक्शन के दौरान कचरा कलेक्शन वाहन चालक द्वारा प्रत्येक घरों से कचरा लेने पर मासिक शुल्क लिया जाता है। साथ ही व्यावसायिक स्थान से भी कचरा संग्रहण करने का शुल्क अलग है वाहन चालक द्वारा स्वयं ही कचरा कलेक्शन वाहनों का मेंटेनेंस किया जाता है। इस दौरान एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान, शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, जितेंद्र कुवाल, सुगन बाबूलाल बाघेला, डॉ योगेश्वरी राठौर, पार्षद हेमंत गहलोत, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, भवन अधिकारी राकेश वास्कले उपस्थित रहे।

उज्जैन शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

उज्जैन। कलेक्टर जिला उज्जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। 9 अक्टूबर को श्री महकालेश्वर मिष्ठान सिंधी कॉलोनी उज्जैन से बेसन लड्डू एवं मलाई पेड़ा के नमूने, महाकाल सांची पाईंट टॉवर चैक उज्जैन से सांची छैना रबडी एवं सांची लस्सी के नमूने, वरियल दास यावरदास किराना सिंधी कॉलोनी उज्जैन से बेसन एवं खोपरा बूरा के नमूने, जेपी इन्टरप्राईजेस सिंधी कॉलोनी उज्जैन से बादाम का नमूना, झूलेलाल बेकरी सिंधी कॉलोनी उज्जैन से बेसन लड्डू एवं रसगुल्ला के नमूने, स्वागत स्वीट्स सिंधी कॉलोनी उज्जैन से कराची हलवा एवं पिस्ता कतली के नमूने लिये गये। उपरोक्त सभी नमूनें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये।

हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

उज्जैन। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक उज्जैन के कॉसमॉस मॉल नानाखेड़ा में एक 10-दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में महिला कारीगरों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। प्रदर्शनी में एम्ब्राइडरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, ब्लॉक बटिक प्रिंट और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल होंगे। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है जिसमें महिला कारीगरों को अपनी प्रतिभा और कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। इस प्रदर्शनी के आयोजक मूल रूप क्राफ्ट इनोवेशन प्रोडूसर कंपनी है और प्रायोजक भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय दिल्ली है। यह आयोजन भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के प्रयासों को भी प्रदर्शित करता है जो कारीगरों को समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए काम कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉसमॉस मॉल की संचालक दीपक शर्मा एवं प्रतिभा संगीत कला संस्थान की डायरेक्टर प्रतिभा रघुवंशी अलची जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति साठे, वैशाली साठे, ज्योति जोशी, अंजली भट्ट, ज्योति जयसिंघानी, तृप्ती परवाल, अर्चना कुलश्रेष्ठ ममता जाटवा इनका योगदान रहा। संचालन चित्रा मेहता ने किया। प्रेरणा दाभाड़े ने इस समस्त कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्हेल पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल

उज्जैन। मध्यप्रदेश में शहरी भूमि रिकार्ड में बड़ा बदलाव लाने के लिए केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग द्वारा शहरी जमीनों का रिकार्ड डिजीटल कर उसे आसान बनाया जा रहा हैं। इससे जमीन के मामलों में एक और पारदर्शिता आएगी वहीं धोखाधड़ी के मामलों में भी कमी होगी। पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत उज्जैन जिले के उन्हेल कस्बे से की गई है। प्रदेश के 10 शहर भी इस योजना से लाभांवित होने जा रहे है। बता दे कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 18 फरवरी 2025 को इस पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत मध्यप्रदेश के रायसेन जिले से की गई थी। रिकार्ड बदलाव के प्रारंभिक तौर पर प्रदेश के 09 जिलों के 10 शहर शाहगंज, छनेरा, आलीराजपुर, देपालपुर, धारकोठी, मेघनगर, माखननगर (बाबई), विदिशा, सांची और उज्जैन जिले में उन्हेल कस्बे को पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा जारी अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद उज्जैन कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा सर्वेक्षण से संबंधित संक्रियाओं के आरंभ होने की घोषणा कर दी गई है। इससे समस्त खातेंदारों के नाम, उनके अंश, दायित्व तथा सुखाचार अधिकार अभिलिखित किए जाएंगे।

सिंहस्थ की गागर में समाया विचारों का महासागर, 2 माह फिर मंथन

सिंहस्थ टेक हैकाथॉन के फाइनल में हुआ टॉय, उज्जैन आईआईटी कंपनी ई वे के आय डियाज पर मंथन, 2 माह बाद 36 कंपनियों का फिर लगेगा सेमिनार

उज्जैन। मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एमपीएसडीसी द्वारा आयोजित महत्वकांक्षी सिंहस्थ टेक हैकाथॉन 2025 का फाइनल राउंड शुक्रवार को भोपाल में हुआ। इसमें 36 कंपनियां ने हिस्सा लिया था। अब दो माह बाद इस पर फिर मंथन होगा। मध्य प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने भी सभी का प्रेजेंटेशन देखा।

दरअसल उज्जैन में महाकुंभ 2028 की तैयारी हो रही है, ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार ने देश प्रदेश की प्रमुख कंपनियों से आयडियाज मंगवाए थे। शुक्रवार को भोपाल में

संपन्न हुए, फाइनल राउंड में प्रदेशभर से चयनित 36 टीमों ने अपने तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। जूरी ने किसी भी टीम को तत्काल विजेता घोषित नहीं करने का निर्णय लिया है।

मप्र सरकार के विभाग एमपीएसडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी टीमें अपने समाधानों को अधिक व्यावहारिक स्केलेबल और वास्तविक उपयोग की दिशा में तैयार करें। इस विस्तार से टीमों को अपने नवाचारों को एक मजबूत और उपयोगी उत्पाद में बदलने का अवसर मिलेगा, जिससे सिंहस्थ 2028 के लिए बेहतर तकनीकी सहयोग सुनिश्चित किया जा सके।

उज्जैन से एकमात्र कंपनी पहुंची

नवभारत की चर्चा में ई -वे आईटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक दीपक जैन और नितिन शर्मा ने बताया कि 2 दिन से भोपाल में मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों द्वारा वन टू वन चर्चा की जा रही थी। सभी कम्पनियों के प्रमुख डायरेक्टरो से तकनीकी पहलुओं पर बात की है। सभी बिंदुओं का समावेश कर लिया गया है, और दो माह बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। हमने उज्जैन सिंहस्थ के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रस्तुत किया। एमपीएसडीसी ने सभी प्रतिभागी टीमों को एक बड़ी राहत देते हुए अपने प्रोटोटाइप को और बेहतर बनाने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय प्रदान किया है। यह निर्णय तकनीकी समाधानों की गुणवत्ता और उनकी वास्तविक उपयोगिता को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है।

प्रतिष्ठानों पर पहुंच कर सम्पत्तिकर नगर निगम क अमले ने की जांच

उज्जैन। आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार समस्त झोन के सम्पत्तिकर अधिकारियों द्वारा अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त योगेन्द्र पटेल के निर्देशन में शहर के बड़े होटल, शॉपिंग मॉल, मैरिज गार्डन एवं अन्य संस्थानों की सम्पत्तियों की जांच की जाकर निगम में दर्ज रिकार्ड से मिलान किया जा रहा है तथा अन्तर पाए जाने पर सम्पत्तिकर का पुन: निर्धारण किया जा रहा है। जिसके क्रम में गुरुवार को जोन क्रमांक 03 अंतर्गत गिरनार होटल, वार्ड क्रमांक 28 अंतर्गत होटल स्टेशन व्यू, वार्ड क्रमांक 42 कन्हैया परिसर एवं उदयन मार्ग स्थित सहर्ष हॉस्पिटल की नपती की गई। निगम द्वारा आरंभ की गई यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा सम्पत्तिकरदाताओं से अपील है कि वे अपने संस्थानों पर जांच हेतु आने पर निगम के सम्पत्तिकर अमले को सहयोग प्रदान करें।

गंदगी पाए जाने पर किया जुर्माना

उज्जैन। आयुक्त अभिलाष के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा उपायुक्त संजेश गुप्ता के निर्देशन में निरंतर व्यवसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाकर गंदगी करने, कचरा फैलाने तथा डस्टबीन का उपयोग नहीं तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही किये जाने के साथ ही समझाइश दी जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को स्वास्थ्य अमले द्वारा 3750 का जुर्माना किया गया।

आयशर ठिकाने लगाने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

1 माह तक ड्राइवर बनकर किया था काम, साथियों की तलाश

उज्जैन। शातिर युवक ने साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा और ड्राइवर बनने के बाद मालिक की आयशर को ठिकाने लगा दिया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो गिरोह का खुलासा हुआ। आयशर ठिकाने लगाने वाले को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। उसके साथियों की तलाश जारी है।

बड़नगर तहसील के ग्राम कजलाना में रहने वाले साबिर पिता कालू खां ने कुछ माह पहले आयशर क्रमांक एमपी 09 डीएल 7584 फायनेंस कराई थी। 10 जुलाई को उसके पास महिदपुर का रहने वाला बबलू खां पहुंचा और आयशर किराये पर मांगने लगा, साबिर ने मना कर दिया। एक माह पहले बबलू खां ने साजिश रचकर इरफान पिता उमर हयात निवासी मल्हारगढ़ मंदसौर को भेजा। इरफान ने खुद को पांच टाईम का नमाजी बताकर जात-धर्म का हवाला दिया और ड्रायवर की नौकरी करने लगा। कुछ दिनों बाद वह आयशर लेकर लापता हो गया। साबिर से संपर्क किया तो कभी गुजरात तो कभी भोपाल होना बताने लगा। कुछ दिन बाद भी नहीं लौटा तो साबिर ने आयशर लौटाने का दबाव बनाया, इरफान ने गाड़ी बबलू को देना बताया और लापता हो गया। अपने साथ धोखा होने का आभास होने पर साबिर ने मामले की शिकायत बड़नगर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर इरफान हयात को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। जिससे उसके गिरोह से जुड़े साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। आयशर ठिकाने लगाने का षड़यंत्र बबलू खां द्वारा रचा जाना सामने आया है। मामले की जांच एएसआई राजेन्द्र हाड़ा को सौंपी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बबलू खां महिदपुर द्वारा पहले किराये पर गाड़ी मांगी थी, बात नहीं बनने पर उसने इरफान के साथ एक व्यक्ति को साबिर के पास पहुंचकर आयशर किराये पर देने का अनुबंध कराया था और हर माह हजारों रूपये किराया देने की बात कहीं। लेकिन साबिर के मामू और मां ने अनुबंध देखा तो फर्जी होना सामने आया। उन्होने अनुबंध निरस्त कर गाड़ी देने से मना कर दिया था। इरफान के साथ अनुबंध कराया व्यक्ति दीपक कसेरा निवासी मंदसौर की जानकारी सामने आई है कि अनुबंध नहीं हो पाने पर इरफान ड्रायवर बना गया था।

उज्जैन जनपद की साधारण सभा की बैठक संपन्न

उज्जैन। उज्जैन जनपद पंचायत की अध्यक्ष भंवर बाई चौधरी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ हितग्राहियों को पहुँचाया जाएं। बैठक में विभागवार शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिएं। बैठक में चार विभागों के अधिकारी किन्हीं कारणवश अनुपस्थित रहने पर जनपद अध्यक्ष चौधरी ने जनपद सीईओ यादव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद अध्यक्ष भंवर बाई चौधरी ने अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देश दिए है कि आगामी बैठक में सभी अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों एवं शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी चाहने पर अधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर दिए। बैठक में जनपद अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में जनपद सदस्य कान्हा पटेल, राजेन्द्र सिंह, शांतिलाल, श्यामू बाई, मोहम्मद सादिक मेव, बीबी कुदरत पटेल, श्यामकुंवर बाई, संगीता बाई, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक के अंत में आभार दिलीप मीणा द्वारा व्यक्त किया गया।

माधवनगर पुलिस गांजा तस्कर का मांगेगी रिमांड

उज्जैन। इंगोरिया पुलिस की गिरफ्त में आया गांजा तस्कर माधव नगर थाना पुलिस का भी आरोपी होना सामने आया है जिसकी 7 माह से तलाश थी। माधव नगर थाना पुलिस अब आरोपी का न्यायालय से प्रोटेक्शन रिमांड मांगेगी।

इंगोरिया थाना पुलिस ने मंगलवार रात को स्कूटी क्रमांक एमपी 13 झेड पी 5424 पर सवार अमित उर्फ बोबी पिता राकेश सोलंकी निवासी सेठीनगर को पकड़ा था। जिसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद मिला था गया। एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल तो सामने आया कि गांजा तस्कर माधव नगर थाने का भी वांटेड है। उसके खिलाफ फरवरी माह में हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज हुआ था इसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। गांजे के साथ पकड़ाए हफ्ता वसूली के आरोपी की सूचना माधव नगर थाना पुलिस को दी गई पुलिस ने बदमाश की फॉर्मल गिरफ्तारी की है। गांजा तस्करी के मामले में उसे न्यायालय ने जेल भेज दिया है माधव नगर थाना पुलिस अब बदमाश को प्रोटेक्शन वारंट पर लाकर अपने यहां हुई हफ्ता वसूली के मामले में पूछताछ करेगी।

बाल विकास विभाग के बाबू ने फांसी लगाई

उज्जैन। महिला एवं बाल विकास विभाग के बाबू ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने फंदे पर लटका देखा तो आसपास के लोगों और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। महावीर एवेन्यू में रहने वाला दिलीप बड़ोदिया 50 वर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग कानड में बाबू था। सुबह उसकी पत्नी ललिता बाई बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए गई थी कुछ देर बाद वापस लौटी तो उसने पति दिलीप को खिड़की के वेंटिलेशन पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। आसपास के लोगों को बुलाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। माधव नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। फिलहाल आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक समस्याओं को लेकर मानसिक रूप से परेशान रहने के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

बाबा का स्नान होली की पूर्णिमा तक भस्मारती में पुजारी गरम जल से ही स्नान कराएंगे

ठंड शुरू, रूप चौदस से महाकाल करेंगे गर्म जल से स्नान

नवभारत न्यूज

उज्जैन। कार्तिक मास शुरू होते ही ठंड की शुरुआत भी हो गई। इसलिए अब दिवाली पर रूपचौदस से भगवान महाकाल भी गर्म जल से स्नान करेंगे।

महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि दीवाली से भगवान महाकाल को प्रतिदिन अल सुबह भस्मारती में पुजारी गण गर्म जल से स्नान कराएंगे। मौसम के अनुरूप भगवान महाकाल को भी स्नान कराने की परंपरा है। ठंड में गर्म जल से स्नान होता है तो गर्मी में ठंडे जल से स्नान कराया जाता है। गर्म जल से स्नान की व्यवस्था होली की पूर्णिमा तक चलेगी। इस दौरान तीन आरतियों के समय में भी बदलाव होता है।

इधर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धर्मसभा में अपने संबोधन में कहा कि विश्व हिंदू परिषद और सरकार के सभी संकल्प पूरे हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में मथुरा में भगवान गोपाल कृष्ण के आनंद का अनुभव होगा, जिसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। सरकार के माध्यम से जो संकल्प लिए गए, वे पूरे हुए हैं। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले लोग मजाक बनाते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन अब तारीख भी बता दी और मंदिर भी बन गया। धारा 370 हटाने का भी जिक्र किया और घोषणा की कि सरकार श्रीकृष्ण की यात्रा मार्ग पर तीर्थ स्थल बनाएगी।

मथुरा से उज्जैन पहुंची श्री कृष्ण गुरुकुल यात्रा

श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा मथुरा से चलकर जयपुर, कोटा, झालावाड़, रणथंभोर व आगर के रास्ते गुरुवार की सुबह उज्जैन पहुंची। यात्रा तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिंदू परिषद के संयोजन में उस मार्ग से निकाली गई। जिस मार्ग से द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण स्वयं भाई बलराम के साथ मथुरा से चलकर उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में पढ़ने आए थे। यात्रा के नगर आगमन पर आगर रोड से अगवानी की गई। सांदीपनि आश्रम पहुंचने पर धर्मसभा हुई जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया व आखिरी में इसका विधिवत समापन भी किया। धर्मसभा में नगर के साधु-संत भी मंच पर उपस्थित रहे जिसमें राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरि, महंत ज्ञानदास महाराज, महंत विशाल दास महाराज, महंत आनंद गिरि, महंत उमानंद, महंत भगवान बापू आदि शामिल थे। यात्रा का स्वागत प्रमुख रूप से तीर्थ पुरोहित महासंघ के पंडित मनीष उपाध्याय एवं संचालन यात्रा के संयोजक सुरेंद्र चतुर्वेदी ने किया।